मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 151 | रविवार, 1 सितंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 3 पर पढ़ें..

राहुल द्रविड़ के बेटे समित भारतीय अंडर-19 टीम में

# ठाणे जिले में महामारी का खतरा

- डायरिया, स्वाइन फ्लू और लेप्टो के मरीज मिले

**653** मामले मलेरिया के

**505** मामले डेंगू के आए सामने

**ठाणे.** मानसून के दौरान यानी पिछले दो महीनों में ठाणे जिले में मलेरिया और डेंगू का खतरा बढ़ गया है. पिछले दो महीनों में मलेरिया के 653 मामले और डेंगू के 505 मामले सामने आए हैं. ठाणे मनपा क्षेत्र में मलेरिया, डेंगू के साथ-साथ डायरिया के 106, स्वाइन फ्लू के 27 और लेप्टो के 6 मामले पाए गए हैं. इससे जिले में महामारी जैसी बीमारियों का आलम मंडराने लगा है.

बरसात के मौसम में मलेरिया, डायरिया, डेंगू, स्वाइन फ्लू, लेप्टो जैसी बीमारियाँ बढ़ती हैं। इन बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न उपाय किये जाते हैं। इसके एक भाग के रूप में, महानगर पालिका के साथ-साथ जिला प्रशासन द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इसमें पोस्टर के माध्यम से महामारी रोगों से बचाव के लिए क्या



सावधानी बरतनी चाहिए, इसके बारे में जनजागरूकता पैदा की जाती है। साथ ही शहर में धुआं और दवा का छिड़काव किया जाता है. घरेलू जल भंडारण की जाँच की जाती है। यदि इसमें मच्छर का लार्वा पाया जाता है तो उसे नष्ट कर दिया जाता है। हालांकि इस वर्ष भी इस तरह के उपाय लागू किये गये हैं, लेकिन जिले में महामारी जैसी बीमारियों की तस्वीर दिख रही है.

पिछले दो महीने में ठाणे जिले में 2 लाख 6 हजार 288 मरीजों का परीक्षण किया गया. इसमें से 653 मरीजों में मलेरिया पाया गया। इनमें से जुलाई माह में 284 और अगस्त माह में 369 मरीज मिले हैं। ऐसे में 1 हजार 486 डेंगू संदिग्ध मरीजों के खून की जांच की गयी. इसमें 505 मरीज डेंगू से संक्रमित पाए गए। इसमें जुलाई माह में 250 और अगस्त माह में 255 मरीज मिले हैं। मरीजों की संख्या के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि अगस्त महीने में मलेरिया और डेंगू के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है. पिछले तीन महीनों में ठाणे मनपा क्षेत्र में मलेरिया के 249 मरीज पाए गए हैं. जुलाई माह से इन मरीजों की संख्या बढ़ना शुरू हुई है और जुलाई माह में 93 और अगस्त माह में 135 मरीज मिले हैं। जून में डायरिया के मरीज 212, जुलाई में 336 और अगस्त में 106 मरीज हैं। जून में डेंगू के 9, जुलाई में 31 और अगस्त में 38 मामले सामने आए हैं। जुलाई माह में पीलिया के 3 केस मिले हैं और अगस्त माह में एक भी मरीज नहीं मिला है। जून में स्वाइन फ्लू के 8, जुलाई में 133 और अगस्त में 27 मामले सामने आए हैं। जून माह में लेप्टो के 1, जुलाई माह में 23 तथा अगस्त माह में 6 मरीज पाये गये हैं।

# दो साल की मासूम का यौन शोषण





- टिटवाला की घटना
- नराधम पुलिस की गिरफ्त में

आकिब शेख

**कल्याण.** बदलापुर कांड की पुनरावृत्ति टिटवाला के कल्याण तालुका थाना क्षेत्र में दो साल की मासूम बच्ची के साथ हुई, जिससे परिसर में खलबली मची हुई है। मासूम बच्ची से यौनशोषण करने वाला नराधम उसी गांव का रहने वाला है, जिसे टिटवाला पुलिस ने शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया है।

कल्याण तालुका पुलिस के इंचार्ज सुरेश कदम ने बताया कि उक्त घटना शुक्रवार दोपहर की है। उस वक्त मासूम बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। उसी गांव के रहने वाले एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने बच्ची को बहला-फुसलाकर सुनसान जगह पर ले गया, और वहां उसके साथ यौनशोषण किया। उसके बाद बच्ची रोते हुए घर आई। मां-बाप बच्ची की हालत देखकर घबरा गए। बच्ची के साथ लैंगिग अत्याचार देख शुक्रवार देर रात परिजन कल्याण तालुका पुलिस स्टेशन पहुंचे, और मामला दर्ज कराया।

थाना इंचार्ज कदम ने बताया कि घटना सज्ञान में आने के कुछ ही घंटो में पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दुष्कर्मी नराधम मजदूरी का काम करता है। टिटवाला पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश करने पर न्यायालय ने उसे सात दिन के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

# महिला ने बिल्डिंग से कूदकर की आत्महत्या

**कल्याण.** तलाक के कारण तनाव में चल रही एक 37 वर्षीय महिला ने अपने आवासीय भवन की गैलरी से ग्राउंड फ्लोर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। जमीन पर टकराने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला को उसके परिजन तुरंत कल्याण डोंबिवली मनपा के रुक्मिणीबाई अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस मामले में इस महिला के बुजुर्ग पिता प्रभाकर शेट्टी ने खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है. प्रभाकर की बेटी की शादी हो गई थी, लेकिन बाद में उनका तलाक हो गया. वह कल्याण में अपने पिता के साथ घर पर रहती थी। मृतक महिला तलाक के कारण लगातार मानसिक तनाव में थी. दोपहर में मृतक महिला अपने शयनकक्ष से गैलरी में पहुंची और अठारहवीं मंजिल से जमीन पर छलांग लगा दी. ऊपर से गिरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रभाकर के बेटे ने अपने पिता को इसकी जानकारी दी.

उन्होंने आसपास के लोगों की मदद से तुरंत घायल बेटी को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता प्रभाकर ने शिकायत में कहा है कि उन्हें इस मामले में किसी पर शक नहीं है.

# सेवानिवृत्त मनपाकर्मियों ने किया प्रदर्शन

- बकाया राशि के लिए करना पड़ रहा आंदोलन

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए मनपा मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया. यह आंदोलन प्रशासन की उदासीनता व बकाये के बदले में बहुत कम राशि मिलने की वजह से किया गया. इस आंदोलन का नेतृत्व सामाजिक संगठन 'कायद्या ने वागा' और 'प्रहार जनशक्ति' ने किया और उन्होंने प्रशासन की असंवेदनशीलता की कड़ी आलोचना की.

सेवानिवृत्त मनपा कर्मचारियों को उनकी सेवा के बाद की बकाया राशि तुरंत मिलने की उम्मीद है। लेकिन, प्रशासन की ओर से न्यूनतम राशि दिये जाने से कर्मचारियों की नाराजगी बढ़ती जा रही है. कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें अपने ही पैसे के लिए बार-बार मुख्यालय की दहलीज पर चक्कर लगाना पड़ता है.

इसके अलावा, उन्हें उनके काम की जांच के लिए विभिन्न विभागों में भेजा जाता है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर दबाव पड़ रहा है। कायद्याने वागा के अध्यक्ष राज असरोंडकर ने इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अधिकारों के लिए लड़ने का फैसला किया है। पिछले कुछ महीनों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एरियर को लेकर बार-बार मनपा प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका है। लेकिन प्रशासन



ने इन ज्ञापनों को नजरअंदाज कर रहा है. इसके चलते असरोंडकर ने आंदोलन की चेतावनी दी है.

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के आंदोलन को रोकने के लिए मनपा प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि कुछ दिनों के भीतर उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा। लेकिन यह वादा पूरा न होने पर आखिरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मुख्यालय के सामने अपना गुस्सा जाहिर किया. मनपा में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 8 से 10 लाख रुपये बकाया है। लेकिन उन्हें प्रतिमाह मात्र दो हजार रुपये ही भुगतान किया जा रहा है. सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कहना है कि इस दर से उन्हें अपना बकाया वसूलने में 20 से 25 साल लग जायेंगे. सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाये का तुरंत भुगतान करने का निर्देश दिया है. साथ ही देरी की स्थिति में ब्याज सहित राशि का भुगतान करने का भी आदेश दिया है.

बहरहाल, जहां ठेकेदारों को करोड़ों रुपये का भुगतान तुरंत किया जा रहा है, वहीं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपनी वाजिब रकम के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है. कायद्याने वागा एसोसिएशन के अध्यक्ष राज असरोंडकर और प्रहार जनशक्ति के ठाणे जिला अध्यक्ष स्वप्निल पाटिल ने प्रशासन की इस नीति की कड़ी आलोचना की है.

इस प्रदर्शन के बाद कायद्याने वागा संघटन के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त मनपा आयुक्त विकास ढाकणे से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वे ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय गए हुए थे. मनपा प्रशासन ने बताया है कि आय के कम स्रोत और वित्तीय संकट के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाये के भुगतान में देरी हो रही है.

## लोकल सेवाएं बाधित

नवी मुंबई. मानखुर्द और वाशी के बीच ओवरहेड वायर के टूटने के कारण व्यस्त समय के दौरान काम पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी हुई है। साथ ही यह सेवा भी बाधित हो गयी है. घटना के कारण हार्बर मार्ग पर स्थानीय सेवाएं बाधित हो गयी थी इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को ट्रांस हार्बर मार्ग पर यात्रा करने की अनुमति दी गई।

# बदलापुर मामले में आरोपी को फिर से कोर्ट में पेश किया गया

**दूसरी लड़की से बलात्कार के मामले में अक्षय शिंदे को न्यायिक हिरासत**

**उल्हासनगर.** बदलापुर शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना से पूरे इलाके में आक्रोश की लहर है. इस गंभीर मामले के मुख्य आरोपी अक्षय शिंदे को शुक्रवार को कल्याण अदालत में दूसरी बार पेश किया गया, जहां उसे दूसरी लड़की के रिश्तेदारों द्वारा दायर एक अन्य अपराध के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।





इस मामले की शुरुआत 12 अगस्त को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद से हुई. इस घटना के बाद 14 अगस्त को पीड़ित बच्ची के माता-पिता स्कूल गए और प्रधानाध्यापिका अर्चना अठावले से घटना के बारे में पूछा. उन्होंने दावा किया कि हो सकता है उन्होंने स्कूल के बाहर ऐसा किया हो. लेकिन जब अभिभावकों ने स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की मांग की तो स्कूल प्रशासन ने यह कहते हुए फुटेज उपलब्ध नहीं होने की बात कही कि डीसीआर कनेक्ट नहीं है. इस लापरवाही से अभिभावकों और मोहल्ले के अन्य नागरिकों में गहरी नाराजगी फैल गई. इन गंभीर घटनाओं के चलते नागरिक सड़कों पर उतर आए और अपना गुस्सा जाहिर किया. विरोध प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया, लेकिन कल्याण अदालत ने उन्हें जमानत दे दी।

उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर और कल्याण के अधिवक्ताओं ने बिना कोई शुल्क लिए निस्वार्थ भाव से इसके लिए लड़ाई लड़ी। इस मामले की जांच चल ही रही थी कि दो दिन पहले दूसरी लड़की के परिजनों ने अक्षय शिंदे के खिलाफ एक और मामला दर्ज कराया. इस नए अपराध में आरोपी पर उसी स्कूल में दूसरी लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है. इस दूसरे अपराध के लिए अक्षय शिंदे को एक बार फिर कल्याण कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

# अंबरनाथ नपा आंगन में पाकीजा सलून का बोर्ड





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के आंगन में मुख्य द्वार के पास ही एक स्टैंड पर 'पाकीजा हेयर कटिंग सलून' का बोर्ड रोड पर ही कई दिनों से रखा है, जो नगर परिषद में हर आने जाने वालों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. लोग इस बोर्ड को देखकर हंस रहे हैं और कह रहे हैं कि अंबरनाथ नगर परिषद ने कब से ये पाकीजा हेयर कटिंग शुरू कर दिया है.

बात दरअसर ये है कि नगर परिषद के अतिक्रमण विभाग ने शहर के एक हेयर कटिंग सलून के पास रखा हुआ ये बोर्ड जब्त करके लाया है. नपा में लोग बाइक या चारपहिया वाहन पर आकर अपने वाहन यहां-वहां पार्क करके नपा कार्यालय में चले जाते हैं. इसलिए सुरक्षा रक्षकों ने इस बोर्ड पर 'नो पार्किंग' का बैनर लगा दिया था ताकि यहां कोई कार्यालय की सड़क पर वाहन खड़ी करके ना जाए. कुछ दिनों पूर्व बोर्ड पर से लगाया गया नो पार्किंग का बैनर हवा में उड़कर चला गया है. अब यहां पर पाकीजा सलून का बोर्ड रह गया है. जो नपा में आने जाने वालों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.

## वाडा में परिवार के तीन सदस्यों की मिली लाश

**ठाणे.** पालघर जिले के वाडा तहसील अंतर्गत नेहरोली गांव में एक घर से परिवार के तीन सदस्यों की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है. नेहरोली गांव में बोंद्रे आली में मुकुंद बेचलदास राठौड़ ने अपनी जमीन पर घर बनाकर पत्नी बेटी के साथ रह रहे थे. मूल रूप से गुजरात के रहने वाले राठोड का एक बेटा राजकोट सुहास गांव नेहरोली पहुंचा. घर अंदर से बंद था. दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुआ तो घर में पिता मुकुंद बेचलदास राठौड़ की लाश पड़ी थी जबकि घर के दूसरे कमरे में मां कंचन मुकुंद राठौड़ एवं बहन संगीता मुकुंद राठौड़ की लाश एक बाक्स में पड़ी थी.

# अंबरनाथ के दोनों वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों का तबादला

- पदोन्नत कर एसीपी बनाए गए

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ कलसकर और शिवाजी नगर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक भगत दोनों को पदोन्नति देकर सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है. दोनों का तबादला हो गया है. कलसकर को पुणे वाहन विभाग प्रशासन भेजा गया है तो अशोक भगत को महाराष्ट्र पुलिस अकादमी नासिक, सहायक पुलिस आयुक्त दिया गया है. 31 अगस्त को अंबरनाथ एवं शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के अधिकारी, पुलिस कर्मचारियों एवं महिला पुलिस कर्मचारियों ने उनका सत्कार किया. अशोक भगत का सत्कार समारोह शहर पूर्व के पनवेलकर हॉल में और कलसकर का भी सत्कार कार्यक्रम आयोजित करके उन्हें विदाई भी दी गई. दोनों वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने सभी का आभार व्यक्त किया है. दोनों पुलिस स्टेशन में इनके स्थान पर किसी की नियुक्ति नहीं की गई है. ऐसी चर्चा है कि दोनों पुलिस स्टेशन के अपराध शाखा के निरीक्षक चार्ज लेंगे.

# अंबरनाथ हाईवे पर गड्ढों से वाहन चालक परेशान

- भारी वाहनों को भारी नुकसान हो रहा है

**कल्याण.** डोंबिवली पाइपलाइन अंबरनाथ हाईवे पर गड्ढों के कारण औद्योगिक क्षेत्र में जाने वाले भारी वाहनों को काफी परेशानी होने लगी है. गड्ढों के कारण वाहन चालकों को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है।



बुधवार को भी वासर गांव के पास एक बड़ा कंटेनर गड्ढे से टकराकर उसी जगह फंस गया, जिससे इलाके में भीषण जाम लग गया.

डोंबिवली-अंबरनाथ राजमार्ग गड्ढों वाला राजमार्ग है, ऐसी एक नई पहचान उभरने लगी है. सड़कों के गड्ढों ने जहां वाहन चालकों की कमर तोड़ दी है, वहीं अब वाहनों की भी कमर तोड़नी शुरू कर दी है। हाईवे पर धामटन से लेकर पाले गांव तक रोजाना वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। गड्ढों में फंसने वाले वाहनों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। लेकिन एमआईडीसी विभाग की अनदेखी के कारण सभी वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी है. एमआईडीसी विभाग को गड्ढे भरने का समय कब मिलेगा? ऐसा सवाल आजकल वाहन चालकों के सामने है।

# वामन म्हात्रे को 1 सितंबर तक मिली अग्रिम जमानत





- स्कूल संस्था चालक भी लापता
- उन पर भी हुआ है अपराध दर्ज

**अंबरनाथ.** बदलापुर के पूर्व नगराध्यक्ष वामन म्हात्रे को उच्च न्यायालय ने एक सितंबर तक अग्रिम जमानत दी है. पहले वह कल्याण सत्र न्यायालय में गए थे, जहां उनका जमानती दरख्वास्त की अर्जी को नामंजूर कर दिया गया था. वह उच्च न्यायालय गए, जहां उन्हें अग्रिम जमानत मिल गई है.

विदित हो कि बदलापुर दुर्घटना के समय एक महिला पत्रकार को वामन म्हात्रे ने अपशब्द कहे थे. पत्रकार ने पुलिस में छेड़छाड़ और एट्रोसिटी एक्ट के अनुसार अपराध दर्ज कराया था. उसमें म्हात्रे को अग्रिम जमानत मिली है. तो दूसरी ओर बदलापुर लैंगिक शोषण प्रकरण में आदर्श मराठी स्कूल के संस्था चालकों एवं मुख्याध्यापिका के विरोध में पुलिस ने अपराध दाखिल किया है. संस्था अध्यक्ष उदय कोतवाल और सचिव तुषार आपटे को आरोपी बनाए जाने पर इन दोनों के साथ सभी संस्था चालक अज्ञात स्थल पर चले गए हैं. गिरफ्तार होने के भय से कोतवाल और आपटे ने अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की है. मुख्याध्यापिका पुलिस जांच में सहकार्य कर रही है. संस्था चालकों से पुलिस को संपर्क नहीं हो रहा है. इसलिए जांच में बाधा आ रही है.

# गैंगस्टर सुरेश पुजारी के गुर्गे मिर्चू शर्मा को उम्रकैद की सजा

- कल्याण कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**उल्हासनगर.** कल्याण की एक अदालत ने कुख्यात गैंगस्टर सुरेश पुजारी गिरोह के प्रमुख सदस्य मिर्चू शर्मा को 2010 के हत्या के प्रयास मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में कोर्ट ने मारपीट के बाद पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों की गवाही के आधार पर अपना फैसला सुनाया है. इसके साथ ही मिर्चू शर्मा पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है.

9 सितंबर 2010 को उल्हासनगर के एक प्रमुख व्यवसायी धर्मेंद्र बजाज अपने कुछ दोस्तों के साथ नेवाली नाका पर एक रेस्तरां में गए थे। वहां उन पर हमला किया गया. पुराने विवाद को लेकर मिर्चू शर्मा और उसके दो साथियों ने बजाज को गोली मार दी. फायरिंग में बजाज को चार गोलियां लगीं, जो उनके



बाएं कंधे और पेट के दाएं-बाएं हिस्से में लगीं. फायरिंग की इस



घटना के बाद मिर्चू शर्मा और उसके साथी सेंट्रो कार में बैठकर भाग गए. गंभीर हालत में बजाज को पहले श्रीदेवी और फिर मुंबई के हिंदुजा अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी तत्काल सर्जरी की गई। इस मामले में उल्हासनगर के हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था.

इस मामले में सरकारी वकील अश्विनी भामरे-पाटिल ने अपना पक्ष बखूबी रखा. उन्होंने बजाज समेत नौ प्रमुख गवाहों की गवाही अदालत के समक्ष पेश की. मामले में बजाज की गवाही अहम थी. गवाहों, मेडिकल रिपोर्ट और सीएसएफएल रिपोर्ट के आधार पर मिर्च शर्मा को दोषी ठहराया गया। यह सबूत इतना मजबूत था कि अदालत ने बिना किसी संदेह के मिर्चू को दोषी पाया। मिर्चू सुरेश पुजारी गिरोह का अहम सदस्य था. सुरेश पुजारी का नाम माफिया और आतंकवाद से जुड़ा है. इस गैंग ने उल्हासनगर के साथ-साथ मुंबई और ठाणे के कई कारोबारियों पर आतंक का साम्राज्य कायम कर जबरन वसूली का काम किया था.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## आत्महत्या का पाठ

प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने का केंद्र माने जाने वाले कुछ शहरों से अक्सर विद्यार्थियों के आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। यह समस्या अब एक व्यापक चिंता का रूप ले चुकी है। इसके अलावा, दसवीं या बारहवीं की परीक्षा में भी फेल होने या नंबर कम आने के तनाव में कई विद्यार्थियों के खुदकुशी कर लेने की खबरें हर वर्ष आ जाती हैं। चिंता की बात यह है कि अब ये कुछ घटनाएं मात्र न रह कर एक व्यापक समस्या की शक्ल लेती जा रही हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि छात्र-छात्राओं की आत्महत्या की दर कुल आत्महत्या की दर से तो ज्यादा है ही, लेकिन अब यह जनसंख्या में इजाफे की दर को भी पार गई है। गौरतलब है कि आइसी-3 सम्मेलन में बुधवार को राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के आधार पर 'छात्र आत्महत्या : भारत में फैलती महामारी' शीर्षक से जारी रपट में यह बताया गया है कि आत्महत्या की कुल घटनाओं में प्रति वर्ष जहां दो फीसद की बढ़ोतरी हुई है, वहीं विद्यार्थियों के बीच जान दे देने की मामलों में चार फीसद यानी राष्ट्रीय औसत से दोगुनी की वृद्धि हुई है। यह स्थिति तब है, जब इस बात की संभावना है कि विद्यार्थियों के आत्महत्या के मामलों में 'कम रिपोर्टिंग' हुई हो। अगर विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति खुदकुशी की कुल घटनाओं के मुकाबले और यहां तक कि आबादी में बढ़ोतरी की रफ्तार से भी तेज है तो यह सोचने की जरूरत है कि देश में शिक्षा का यह कैसा स्वरूप बन गया है, जिसमें पढ़ाई-लिखाई करने की उम्र में बच्चे जीवन से हार मान रहे हैं। स्कूल या उच्च शिक्षा का वह कैसा पाठ्यक्रम है जो बच्चों के भीतर हौसले और जीवट को मजबूत करने के बजाय उन्हें भावनात्मक स्तर पर बेहद कमजोर बना देता है। वहीं समाज और अभिभावकों की महत्त्वाकांक्षाओं और अपेक्षाओं का वह कैसा बोझ है, जिसके नीचे दब कर बच्चे दम तोड़ रहे हैं। निश्चित रूप से यह शिक्षा के समूचे ढांचे और सामाजिक सोच की एक ऐसी त्रासदी है, जिस पर बिना देरी किए गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यह स्थिति एक ओर राष्ट्रीय स्तर पर नीतिगत दूरदर्शिता पर एक सवाल है, वहीं यह सामाजिक स्तर पर शिक्षा में कामयाबी को लेकर भ्रमित धारणा का भी संकेत है।

# असंगठित क्षेत्र के कामगारों को भी मिले पेंशन सुरक्षा

केंद्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना, यानी यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) की घोषणा कर दी है और पेंशन सबकी चर्चा का विषय बना हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है कि देश भर में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों के हितों की रक्षा मजबूत होने वाली है। भारत में वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पेंशन महत्वपूर्ण साधन है। जब कर्मचारी सेवानिवृत्त होते हैं, तो उनकी आमदनी का नियमित स्रोत अचानक खत्म हो जाता है, तब पेंशन की जरूरत पड़ती है। अगर रिटायर कर्मचारी को पेंशन न मिले, तो उसकी जिंदगी बहुत समस्याओं और अपमान में बीतती है।

यह चिंता की बात है कि पेंशन पर सहमति का माहौल नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 2004 में राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) शुरू की थी। कांग्रेस का एनपीएस पर रुख सदैव अस्पष्ट रहा और लगातार बदलता भी रहा है। शुरू में कांग्रेस ने एनपीएस की सराहना की। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी इसे एक बेहतर पेंशन मॉडल बताया, पर बाद में कांग्रेस ने इसकी कमियां निकालनी शुरू कर दीं। पुरानी पेंशन योजना को खत्म करने के लिए एनडीए सरकार को लगातार आलोचना का सामना करना पड़ा है। केंद्र से लेकर राज्यों के सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम की मांग करते रहे हैं। राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब उसने पुरानी पेंशन को लागू किया था, जो आज भी लागू है। हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस सरकार पुरानी पेंशन योजना लागू कर चुकी है। अब राज्यों के पास एकीकृत पेंशन योजना लागू करने का मौका है।



देश और समाज में पेंशन को व्यापक विषय के रूप में देखने की जरूरत है। सरकारी पेंशन पाने वालों की संख्या देश में पांच प्रतिशत भी नहीं है। लाखों सरकारी कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा मिलेगी, पर बाकी लोगों का क्या होगा? देश में करोड़ों ऐसे कामगार हैं, जो रिटायर होने के बाद बहुत कष्ट और जलालत झेलते हैं। देश के निजी क्षेत्र से जुड़े करोड़ों लोगों को हर माह बड़ी मुश्किल से दो-ढाई हजार रुपये ही पेंशन के रूप में मिलते हैं। अब आप सोच सकते हैं कि इतनी कम राशि से तो कोई इंसान अपने महीने का चाय-पानी का खर्च भी नहीं निकाल सकता है। मेरे बहुत सारे पत्रकार मित्रों को रिटायर होने के बाद मात्र दो-तीन हजार रुपये मिलते हैं। यही हाल अन्य निजी कंपनियों से जुड़े रिटायर कर्मियों का भी है।

भारत में निजी क्षेत्र के ज्यादातर कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद कोई पेंशन प्राप्त करने के पात्र नहीं होते। ऐसे में, ईपीएफ, पीपीएफ, एनपीएस और ईएलएसएएस पर उनकी निर्भरता बढ़ जाती है। मतलब, निजी कर्मचारी रिटायर होने के बाद भी आर्थिक सुरक्षा के लिए बाजार या निजी क्षेत्र पर निर्भर रहते हैं। निजी क्षेत्र में लोगों को समय रहते और नौकरी करते समय ही पेंशन की किसी योजना का सहारा लेना पड़ता है। निजी क्षेत्र की पेंशन योजनाएं खुले बाजार में निवेश पर निर्भर रहती हैं। वैसे, ईपीएफओ की ओर से यह कोशिश तो हो रही है कि निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी रिटायरमेंट के बाद न्यूनतम 10,000 रुपये पेंशन मिले। इस दिशा में जरूर कदम उठाने चाहिए कि पेंशन का लाभ चंद सरकारी कर्मचारियों तक सीमित न रह जाए। अगर निजी क्षेत्र में पेंशन की सुविधा पर सरकार खर्च नहीं कर सकती, तो करों में राहत पर विचार करना चाहिए। अगर चुनिंदा निवेशों में कर कटौती की अनुमति दी जाए, तो पेंशन योग्य समाज के निर्माण में मदद मिलेगी।

नई पेंशन योजना एनडीए सरकार का एक अहम फैसला है। इसका लक्ष्य सरकारी कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा देना है। कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान होना ही चाहिए। एक स्थिर पेंशन प्रणाली कर्मचारियों को अपनी नौकरी के प्रति अधिक प्रतिबद्धता और निष्ठा प्रदान करती है। उन्हें लगता है कि रिटायर होने के बाद उन्हें वित्तीय सुरक्षा मिलेगी, इसलिए वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

बहरहाल, ध्यान रखना चाहिए कि असंगठित क्षेत्रों में सेवा देने वाले अनगिनत मेहनतकशों को पेंशन नहीं मिलती। इनकी संख्या सरकारी या संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की संख्या से कई गुना ज्यादा है और इनकी आय भी कम व अनिश्चित है। आखिर वे भी तो भारतीय नागरिक हैं। इनके बारे में गंभीरतापूर्वक सोचने की आवश्यकता है।




विज्ञान और अध्यात्म के मूल में एक साँझेदारी है जो समान प्रश्नों के उत्तर ढूंढती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# 'जमानत नियम है, जेल अपवाद है'

इस मसले पर लंबे समय से बहस होती रही है कि महज आरोप के आधार पर किसी व्यक्ति को अगर कई-कई महीने जेल में बंद रखा जाता है और बाद में अंतिम तौर पर उसे निर्दोष पाया जाता है तो उसे जेल में रखे गए वक्त को किस सजा के दायरे में माना जाएगा। अब सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इस मसले पर स्थिति साफ की है कि दोषी करार दिए जाने से पहले आरोपी को लंबे समय तक हिरासत में रखने को बिना सुनवाई के सजा बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

गौरतलब है कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस नेता के कविता इस वर्ष मार्च महीने से जेल में थीं। सीबीआइ और प्रवर्तन निदेशालय का दावा है कि वे दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में शामिल रही हैं। हालांकि उन्हें जमानत देते हुए अदालत ने यह भी कहा कि धनशोधन कानून के जरिए लगाई गई पाबंदियों की तुलना में स्वतंत्रता का मूल अधिकार 'श्रेष्ठ' है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के सामने यह कोई पहला मौका नहीं था जब इस मसले पर उसने अपना यह रुख स्पष्ट किया है। इससे पहले दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत देते हुए भी अदालत ने यह माना था कि उनके मामले में सुनवाई में देरी हो रही है और उन्हें 'असीमित समय' के लिए जेल में नहीं रखा जा सकता है, क्योंकि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। के कविता को भी जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह अधिक समय तक जेल में रखने और सुनवाई में देरी को आधार बनाया है।



अगर किसी गंभीर अपराध के आरोप में कोई जांच एजंसी किसी को गिरफ्तार करती है तो इससे पहला संकेत यही उभरता है कि उसके पास आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत या आधार होंगे। मगर ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं, जिनमें कई वजहों से आरोपी के खिलाफ सबूत पेश करने या सुनवाई का मामला लगातार टलता रहता है और आरोपों के कठघरे में आया व्यक्ति बिना दोषी साबित हुए लंबे समय तक जेल में बंद रहता है।

यह एक तरह से जांच एजंसियों की कार्यशैली से लेकर कानूनी स्थिति पर भी सवाल है कि आरोप, जांच, सुनवाई और सजा की वे कौन-सी कसौटियां हैं, जिनके तहत बिना दोषसिद्धि के किसी को कई-कई महीने तक कैद में रखा जा सकता है। इस तरह के बिंदुओं पर अदालत को खुद सीबीआइ और ईडी जैसी जांच एजंसियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का मौका मिलता है तो इसे कैसे देखा जाएगा? यों पिछले कुछ वर्षों से प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो पर भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकंजा कसने के नाम पर सत्ता पक्ष के इशारे पर काम करने के आरोप लगते रहे हैं।

अदालतों ने भी कई बार इन जांच एजंसियों की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाए हैं। जहां तक आरोप के आधार पर जेल में रखने का मामला है, सर्वोच्च न्यायालय ने फिर इस सुस्थापित सिद्धांत को दोहराया है कि 'जमानत नियम है, जेल अपवाद है' और यह धनशोधन निवारण अधिनियम यानी पीएमएलए मामलों में भी लागू है। आरोप लगने और फैसला आने तक के संदर्भ में शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी बेहद अहम है कि आजादी से वंचित सिर्फ उन स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं के जरिए ही किया जा सकता है जो वैध और तर्कसंगत हों।

# साइंटिस्ट को मिला समुद्री गाय का अनोखा कंकाल

जमीन में गड़े पुराने जमाने के जानवरों की लाशों के अवशेष बहुत अनोखी जानकारी देते हैं. इन अवशेषों को साइंटिस्ट फॉसिल्स या जीवाश्म कहते हैं. इनकी खोज और अध्ययन ने ही हमें उन डायनासोर की बहुत सारी जानकारी देने का काम किया है जिन्हें हम कभी देख नहीं पाए हैं. कई बार कुछ फॉसिल बहुत ही चौंकाने वाली देने वाले मिल जाते हैं. हाल ही में एक चौंकाने वाला जीवाश्म में वैज्ञानिकों ने पाया है कि एक प्रागैतिहासिक समुद्री गाय का शिकार दो शिकारियों ने किया था. इस

**जरा हट के**

अनूठे जीवाश्म के अध्ययन के बाद उन्होंने पाया कि एक प्राचीन मगरमच्छ और एक टाइगर शार्क दोनों ने एक समुद्री गाय पर एक के बाद एक हमला किया था.समुद्री गाय के जीवाश्म अवशेषों से पता चलता है कि इसे पहले मगरमच्छ ने मारा था और फिर एक टाइगर शार्क ने खाया था. यह खोज वेनेजुएला के एक गांव में तब की गई जब एक स्थानीय किसान ने अधिकारियों को खेत में कुछ अजीबोगरीब चट्टानों की मौजूदगी के बारे में जानकारी दी.जीवाश्मों को महीन तलछट में दबे होने के कारण बेहतरीन तरीके से संरक्षित पाया गया.



यह अध्ययन हाल ही में जर्नल ऑफ वर्टेब्रेट पेलियोन्टोलॉजी में प्रकाशित हुआ जिसमें समुद्री गाय के मुंह के आगे के हिस्से पर गहरे दांतों के निशान बताते हैं कि मगरमच्छ ने पहले उसके चेहरे को पकड़ा और उसका दम घोंटने की कोशिश की. इसके बाद उसने एक ऐसी हरकत की जो आज भी मगरमच्छ अपने शिकार को मारने के लिए करते हैं. गाय पर और चीरे लगाने से पता चलता है कि मगरमच्छ ने अपने शिकार को घसीटा और उसे मौत के मुंह में डाल दिया.

# 10 दिनों तक क्यों मनाते हैं गणेश उत्सव !

**गणेश चतुर्थी हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे पूरे भारत में बड़े धूमधाम और भक्ति भाव से मनाया जाता है। कुछ राज्यों में तो गणेश उत्सव की धूम तो देखते ही बनती है। यह पर्व भगवान गणेश, जिन्हें विघ्नहर्ता और बुद्धि के देवता माना जाता है, की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इसके अलावा गणेश चतुर्थी से 10 दिवसीय गणेश उत्सव की शुरुआत हो जाती है। 10वें दिन अनंत चतुर्दशी की तिथि के मौके पर गणपति विसर्जन किया जाता है। गणेश चतुर्थी का महत्व, इसे 10 दिनों तक मनाने के पीछे की कथा, और इससे जुड़ी रोचक जानकारियां जानने योग्य हैं। आइए, इस लेख में हम गणेश चतुर्थी के महत्व और इससे जुड़ी दिलचस्प बातों पर प्रकाश डालते हैं।**



### ■ कब है गणेश चतुर्थी 2024

हर साल, यह पर्व भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष गणेश चतुर्थी 7 सितंबर 2024 को मनाई जा रही है। इस दिन भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की जाती है और 10 दिनों तक उनकी विधिपूर्वक पूजा की जाती है। अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति विसर्जन होता है।

### ■ गणेश चतुर्थी का महत्व

भगवान गणेश को प्रथम पूज्य माना जाता है, अर्थात किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत उनसे ही होती है। यह पर्व विशेष रूप से महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन आजकल पूरे भारत में इसका महत्व बढ़ता जा रहा है।

### ■ गणेश चतुर्थी क्यों मनाते हैं?

पुराणों में इस दिन को मनाने को लेकर कई कथाएं बताई गई हैं। मान्यता है कि भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश जी का जन्म हुआ था। इस कारण इस दिन को गणेश चतुर्थी के नाम से जाना जाता है।

### ■ 10 दिनों तक गणेश उत्सव मनाने की वजह

गणेश चतुर्थी से 10 दिन के गणेश उत्सव की शुरुआत होती है, जिसका समापन अनंत चतुर्दशी को होता है। 10 दिन तक गणेश उत्सव मनाने के पीछे एक प्रचलित कथा है।

कहते हैं कि वेदव्यास जी ने भगवान गणेश से महाभारत ग्रंथ लिखने की प्रार्थना की। इस पर भगवान गणेश ने बिना रुके 10 दिनों तक महाभारत लिखी। एक ही स्थान पर बिना रुके लेखन करने के दौरान गणेश जी के शरीर पर धूल-मिट्टी जम गई। इस कारण 10वें दिन गणेश जी ने सरस्वती नदी में स्नान करके शरीर पर जमी धूल-मिट्टी साफ की।

तब से गणेश चतुर्थी के दिन गणपति जी की मूर्ति स्थापित की जाती है और 9 दिन उनकी पूजा करते हैं। 10वें दिन भक्ति भाव के साथ उनका विसर्जन कर दिया जाता है।

# खस्ता कचौड़ी

खाना-खजाना

**सामग्री :**

एक कप आटा, दो चम्मच सूजी , दो चम्मच बेसन, एक कप भीगी हुई मूंग की दाल, लाल मिर्च पाउडर, जीरा, सौंफ, साबुत धनिया, हींग, नमक, हरी धनिया, अमचूर, तेल।

**बनाने की विधि :**

भीगी हुई मूंग की दाल को मिक्सी में दरदरा पीस लें। अब मैदा या गेहूं के आटे में सूजी मिलाकर एक चम्मच तेल और स्वादानुसार नमक डालकर आटा गूंथ लें। गूंथे हुए आटे को कपड़े से ढककर रख दें।

**कचौड़ी की स्टफिंग :**

कड़ाही में तेल गर्म करके उसमें जीरा, सौंफ, धनिया पाउडर, कुटा हुआ साबुत धनिया, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी और बेसन को मिलाकर धीमी आंच पर भून लें।

अब इस मिश्रण में दरदरी पिसी दाल डालकर अच्छे से मिक्स करते हुए पका लें। फिर अमचूर और स्वादानुसार नमक मिला पकाएं।

जब दाल अलग अलग होने लगे तो समझ जाएं कि मसाला पक गया है। इस स्टफिंग को ठंडा करें समान अनुपात में गोल बॉल्स तैयार कर लें।



**खस्ता कचौड़ी रेसिपी :**

गूंथे हुए आटे में थोड़ा सा तेल लगाकर एक बार अच्छी तरह से गूंद लें। फिर छोटी लोइयां बना लें। लोई को कटोरी जैसा आकार देकर उसमें मसाले की तैयार बॉल रखें और पोटली की तरह बनाते हुए बंद कर दें। अब इसे छोटी पूरी के आकार में बेल लें, बेलते समय थोड़ा मोटा ही रखें। एक कड़ाही में तेल डालकर गर्म करे और खौलते तेल में कचौड़ियां डालकर धीमी आंच पर डीप फ्राई करें। सुनहरी होने तक सभी कचौरियों को तलें, गर्मागर्म खस्ता कचौरियां तैयार हैं।

# किचन की टाइल्स कैसे साफ करें

खाना बनाते समय किचन की टाइल्स भी गंदी होती है। दरअसल, जब आप सब्जी बना रहे होते हैं या फिर किसी चीज को तल रहे होते हैं तो इनसे निकलने वाले तेल और मसाले के कण किचन में लगी टाइल्स से भी चिपक जाते हैं। समय के साथ ये टाइल्स पीले पड़ने लगते हैं और टाइल्स बदरंग नजर आने लगते हैं। ऐसे में आप इन टिप्स की मदद से अपने घर में लगी टाइल्स की सफाई कर सकते हैं। इससे आपका पूरा किचन चमकने लगेगा।



### ■ सिरके से साफ करे किचन टाइल्स

आपको करना ये है कि सिरका लें और इसे एक कॉटन में लगाकर टाइल्स पर लगा दें। 5 मिनट बाद एक स्क्रबर से साफ करें और फिर गीले कपड़े से टाइल्स पोंछ दें। इससे टाइल्स पूरी से साफ होने के साथ चमकने लगेंगे। तो इन टिप्स की मदद लें और फिर टाइल्स को चमका लें।

### ■ बेकिंग सोडा से साफ करें किचन टाइल्स

आपको करना ये है कि हल्का गुनगुना पानी करें और फिर इसमें बेकिंग सोडा मिलाकर इसका एक गाढ़ा सा पेस्ट बना लें। इसे टाइल्स के ऊपर लगाएं और स्क्रबर की मदद से साफ करते जाएं। जब ये पूरी तरह से साफ हो जाए तो गर्म पानी में गीला कपड़ा लगाकर इसे साफ करें और फिर आपकी टाइल्स चमक जाएंगी।

### ■ बना लें ये टाइल्स क्लीनिंग स्प्रे

किचन की गंदी टाइलें को साफ करने के लिए आप ये क्लीनजिंग स्प्रे बना सकते हैं। इसे बनाना बेहद आसान है और बस आपको कुछ टिप्स को अपनाना है। आपको करना ये है कि एक बॉटल में 1 गिलास सिरका डालें, इसमें थोड़ा बेकिंग सोडा और डिटर्जेंट पाउडर मिला लें। इसके बाद इसे टाइल्स पर स्प्रे करें और इनकी सफाई करें।

### ■ गर्म पानी, नींबू और डिश वॉश से करें सफाई

आपको करना ये है कि गर्म पानी में थोड़ा नींबू का रस मिलाएं और डिश वॉश मिलाकर किचन टाइल्स की सफाई करें। इस दौरान आप गर्म का ही इस्तेमाल करें और स्क्रबर की मदद से स्क्रब करके सफाई करें। तो इन टिप्स को अपनाएं और फिर किचन की गंदी टाइल्स को साफ करें। तो

# सफेद बालों को रोकने के लिए अरंडी के तेल का उपयोग

अरंडी का तेल, कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स में इस्तेमाल होता रहा है। इस तेल को मोटी प्रकृति का माना जाता है यानी कि इस तेल के कण काफी भारी और मोटे होते हैं। हमारा स्कैल्प इस तेल को आसानी से अवशोषित नहीं कर पाता है और जब अवशोषित करता है तो लंबे समय तक बालों की जड़ों में जाकर लॉक हो जाता है। इससे बाल अंदर से हाइड्रेटेड रहते हैं और इनकी जड़ों में नमी बनी रहती है। पर सवाल ये है कि सफेद बालों की समस्या में कैसे काम आ सकता है।



### ■ क्या सफेद बालों को कम कर सकता है कास्टर ऑयल

समय से पहले बालों के सफेद होने की प्रक्रिया को धीमा करने के लिए अरंडी का तेल काफी कारगर तरीके से काम कर सकता है। ये ब्लड सर्कुलेशन को तेज करने और फिर बालों को यूवी रेज से होने वाले रेडिकल डैमेज से बचाने में मदद करता है जिससे आपके बाल समय से पहले सफेद नहीं होते। इसके अलावा ब्लड सर्कुलेशन का तेज होना बालों तक रेगुलर पोषण पहुंचाता है और कोलेजन बूस्ट करता है जिससे मेलेनिन का संतुलन बना रहता है और बाल तेजी से सफेद नहीं होते।

### ■ सफेद बालों को रोकने के लिए अरंडी के तेल का उपयोग कैसे करें

अरंडी का तेल कभी भी अकेले इस्तेमाल नहीं होता। इसे आपको नारियल तेल के साथ या फिर करी पत्ते के साथ मिलाकर इस्तेमाल करना चाहिए। तो आपको करना ये है कि

- अरंडी का तेल लें और इसे हल्का गर्म कर लें।
- इसमें करी पत्ता डालें और नारियल तेल डालें।
- इसके गर्म करने के बाद थोड़ी देर ठंडा करें।
- अब बालों में इसे कॉटन की मदद से लगाएं।
- ये काम आपको हफ्ते में 2 बार करना है।

इस तरह से अपने बालों में हर कुछ दिनों पर थोड़ी मात्रा में अरंडी का तेल लगाने से इसके रंग को अपेक्षाकृत लंबे समय तक बनाए रखने में मदद मिल सकती है, जिससे यह जल्दी सफेद होने से बच सकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे। धनार्जन होगा।

**वृषभ :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरे आपसे अधिक की अपेक्षा करेंगे। दूर से पारिवारिक रिश्ते में दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन :** प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। लाभ होगा।

**कर्क :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आलस्य हावी रहेगा। प्रमाद न करें। विवेक का प्रयोग करें।

**सिंह :** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश मनोनकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कन्या :** आज व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। अचानक अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पारिवारिक विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। अपरिचित व्यक्ति की बातों में न आएं।

**तुला :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**वृश्चिक :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। थकान रहेगी।

**धनु :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें।

**मकर :** कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं, संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। वाहन के प्रयोग में सावधानी रखें। परिवार में खुशनुमा माहौल बनेगा।

**कुंभ :** व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कमजोरी रह सकती है।

**मीन :** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य में राहत मिलेगी। चिंता दूर होगी। नौकरी में रुतबा बढ़ेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## संक्षेप...

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**पनवेल.** पनवेल के विचुंबे गांव के पास से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक के पास पेड़ से लटका हुआ एक युवक का शव मिला, जिससे उक्त क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मृतक के पास से पुलिस को आधार कार्ड मिला है, जिससे यह पता चला है कि मृतक का नाम श्याम तुलश्या वाघे है, जो ठाणे के दिवा स्थित शिपाई चाल में रहता था. खांदेश्वर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पनवेल स्थित उप जिला अस्पताल में भेजा है.

मिली जानकारी के अनुसार खंडेश्वर पुलिस को सूचना मिली कि विचुंबे गाव के पास से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक के पास एक पेड़ पर सफेद साड़ी के टुकड़े से युवक का शव लटका हुआ है, इस सूचना के आधार पर खांदेश्वर पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक बलवंत पाटिल अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया. पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र 26 साल है.

# शिवाजी प्रतिमा गिरने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

- **PM ने मूर्ति गिरने पर माफी मांगी थी**
- **सिंधुदुर्ग में 26 अगस्त को गिरी थी मूर्ति**



**मुंबई.** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में 26 अगस्त को छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फीट की प्रतिमा गिरी थी, जिसे लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस ने मुंबई में शुक्रवार (30 अगस्त) को प्रदर्शन किया था। इसे लेकर आज यूथ कांग्रेस मुंबई के जुहू चौपाटी पर प्रदर्शन कर रहा है।

शिवाजी की प्रतिमा का 8 महीने पहले पीएम मोदी ने उद्घाटन किया था। कल पालघर में PM ने मूर्ति गिरने पर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा-शिवाजी महाराज मेरे लिए सिर्फ एक नाम नहीं हैं। हमारे लिए वे पूजनीय हैं। उनसे सिर झुकाकर माफी मांगता हूं।

मोदी से पहले महाराष्ट्र के CM एकनाथ शिंदे, डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी माफी मांग चुके हैं। हालांकि, भाजपा के माफी मांगने के बाद भी विपक्ष लगातार सरकार पर हमला कर रहा है।

सिंधुदुर्ग पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई थी। इसमें ठाणे के मूर्तिकार जयदीप आप्टे का नाम भी शामिल था। पुलिस ने स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट चेतन पाटिल को भी गिरफ्तार किया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

महाराष्ट्र कला निदेशालय के डायरेक्टर राजीव मिश्रा का कहना है कि उन्होंने केवल 6 फीट की मूर्ति लगाने की परमिशन दी थी। इसके लिए मूर्तिकार ने मिट्टी का मॉडल दिखाया था। मंजूरी मिलने के बाद नौसेना ने निदेशालय को यह नहीं बताया कि मूर्ति 35 फीट ऊंची होगी। न ही यह बताया गया कि इसमें स्टील की प्लेटों का इस्तेमाल किया जाएगा।

स्टेट PWD ने नौसेना को 2.44 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए थे। नौसेना ने मूर्तिकार और सलाहकार नियुक्त किए और डिजाइन फाइनल होने के बाद इसे निदेशालय को मंजूरी के लिए भेजा गया। बाद में ऊंचाई बढ़ा ली होगी।

मिश्रा ने कहा कि अब से कलाकारों और मूर्तिकारों को प्रतिमा स्थापित होने के बाद निदेशालय से अंतिम मंजूरी लेने के लिए कहा जाना चाहिए, न कि केवल मिट्टी के मॉडल के आधार पर। मंजूरी के लिए यह एक शर्त होनी चाहिए।

## महाराष्ट्र भाजपा प्रवक्ता बोले-
# NCP को NDA छोड़ देना चाहिए

- **अजित पवार का जवाब- हम PM और शाह से बात करते हैं, बाकी से लेना-देना नहीं**



**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव पहले महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना-शिंदे गुट, NCP) के नेता एक दूसरे के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता गणेश हेक ने कहा था कि NCP को महायुति छोड़ देना चाहिए। इस पर शनिवार सुबह डिप्टी CM अजित पवार ने कहा- मुझे ऐसे कार्यकर्ताओं की बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता है। हम PM मोदी, अमित शाह और फडणवीस से बात करते हैं।

इसके अलावा 29 अगस्त को महाराष्ट्र स्वास्थ्य मंत्री और शिवसेना नेता तानाजी सावंत ने कहा था कि मुझे कैबिनेट में अजित के बगल में बैठने से उल्टी आती है। NCP के साथ हमारी कभी नहीं बनी।

इसके जवाब में अजित पवार ने कहा- कोई मेरी आलोचना करता है तो करता रहे। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं सिर्फ काम पर ध्यान देता हूं और काम करने पर विश्वास करता हूं।

### शरद पवार गुट बोला- महायुति को अब अजित गुट की जरूरत नहीं

एनसीपी (SP) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा- सावंत की टिप्पणी से पता चलता है कि महायुति को अब NCP की जरूरत नहीं है। RSS के मुखपत्र ने भाजपा से पूछा था कि उन्होंने अजित पवार के साथ गठबंधन क्यों किया। भाजपा कैडर भी यही सवाल पूछ रहा है।

BJP के लिए NCP को महायुति से बाहर करने का समय आ गया है। अजित पवार के लिए अब जागने और हालात को समझने का समय आ गया है। BJP धीरे-धीरे अजित पवार को महायुति से बाहर निकाल देगी। सब कुछ ठीक नहीं है और दरारें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं।

### NCP अजित गुट के नेता बोले- महायुति में या तो तानाजी रहेंगे या NCP

NCP के प्रवक्ता उमेश पाटिल ने तानाजी सावंत के बर्खास्त किए जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा- महायुति के मंत्रिमंडल में या तो तानाजी बने रहें या NCP। अगर तानाजी को बर्खास्त नहीं किया जाता है, तो हमें महायुति मंत्रिमंडल से हट जाना चाहिए।

पाटिल ने कहा- सावंत को बर्खास्त किए जाने तक अजित पवार को किसी भी कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं होना चाहिए। हमारे मंत्रियों को भी सावंत को बर्खास्त किए जाने तक कैबिनेट बैठकों का बहिष्कार करना चाहिए।

# 'जे देखे रवि' नामक पुस्तक का विमोचन




- **मंत्री रविंद्र चव्हाण के जीवन पर आधारित है पुस्तक**

**कल्याण.** शनिवार को डोंबिवली में राज्य के लोक निर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन हुआ। डोंबिवली के सावित्रीबाई फुले कला मंदिर में आयोजित समारोह में अनेक वरिष्ठ मान्यवर व महानुभवों की उपस्थिति में ‘जे देखे रवि’ इस पुस्तक का विमोचन किया गया। इस मौके पर जे देखे रवि पुस्तक के लेखक प्रभु कापसे, प्रकाशक दिलीप महाजन, प्रख्यात प्रवक्ता व वरिष्ठ पत्रकार भाऊ तोरसेकर, डोंबिवली गणेश मंदिर संस्थान की आरती मुतालिक सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस पुस्तक में रविंद्र चव्हाण के जीवन का लेखाजोखा बयान किया गया है। एक सामान्य कार्यकर्ता से लेकर विधायक, राज्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री बनने तक का सफर बताया गया है। शिक्षण, क्रीड़ा, राजनीति, सामाजिक, कला आदि क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले मान्यवरों ने मंत्री रविंद्र चव्हाण की जीवनशैली और कार्यपद्धति पर प्रकाश डाला है। हर क्षेत्र के लोगों ने अपने विचार पुस्तक के पन्नों पर प्रकट किया है। वहीं विमोचन के उपरांत मंत्री रविंद्र चव्हाण ने कहा कि राजनीति में विरोधी चाहे जितना कीचड़ उछाले, लेकिन हमें हमारा काम करते रहना चाहिए।

# मुंबई-नाशिक महामार्ग पर एचपी गैस रिसाव से हड़कंप

- **जानकारों की मदद से गैस लीक रोकने में मिली सफलता**




**भिवंडी.** मुंबई नाशिक महामार्ग वडपे गाव के पास सुबह 8 बजे मुंबई से नाशिक जा रहे एच पी गॅस टँकर से गैस रिसाव शुरू होने की जानकारी पर हड़कंप मच गया.तहसीलदार अभिजीत खोले एवम पुलिस द्वारा तत्परता से उठाए गए कदम से हाइवे पर भारी हादसा होने से टल गया.

मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई नाशिक महामार्ग वडपे गाव के पास सुबह 8 बजे मुंबई से नाशिक जा रहे एच पी गॅस टँकर से गैस रिसाव शुरू होने की जानकारी पर टैंकर चालक ने मार्ग के बगल टैंकर खड़ा किया.चालक ने फोन कर जिला आपातकालीन कक्ष को सूचित कर मदद मांगी.घटना की सूचना पर तहसीलदार अभिजित खोले, तालुका पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पोलीस निरीक्षक दादासाहेब एडके,महामार्ग वाहतुक पुलिस शाखा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक छाया कांबले सहित भिवंडी व कल्याण अग्निशामक दल जवान, भिवंडी पालिका आपत्कालीन यंत्रणा मौके पर पहुंच गए.गैस रिसाव के खतरे को देखते हुए अधिकारियों के निर्देश पर समूचे एरिया की बिजली सप्लाई बंद की गई. तहसीलदार अभिजित खोले ने महामार्ग पर होने वाले घटनाओं में मददगार की भूमिका निभाने वाले खोपोली स्थित हेल्प फाऊंडेशन से संपर्क किया. हेल्प फाऊंडेशन के धनंजय गिध की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर कड़ी मेहनत कर करीब घंटे में गैस रिसाव बंद किए जाने में सफलता हासिल की.समूचे महामार्ग पर सुरक्षा की खातिर वाहन का जाम लगा गया.गैस रिसाव पर नियंत्रण के बाद यातायात शुरू हुआ जिसे सुचारू करने में ट्रैफिक पुलिस के पसीने छूट गए. एच पी टैंकर को सुरक्षित तरीके से वाड़ा डिपो भेजने के बाद क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली.

# चौपाटी के दूसरे चरण का उद्घाटन आज



- **विधायक प्रताप सरनाईक व मनपा आयुक्त सौरभ राव ने किया निरीक्षण**

**ठाणे.** केंद्र व राज्य सरकार,मनपा ठाणे स्मार्ट सिटी की ओर से नागला बंदर खाड़ी के किनारे हिंदुहृदयसम्राट शिवसेनाप्रमुख बालासाहेब ठाकरे चौपाटी का निर्माण कार्य किया गया। वहीं गायमुख के दूसरे चरण का उद्घाटन 1 सितंबर को किया जायेगा। इस परियोजना का शुक्रवार को विधायक प्रताप सरनाईक व मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दौरा कर निरीक्षण किया।गायमुख में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत लगभग 800 मीटर लंबी चौपाटी पर जेट्टी, गणेश मूर्ति विसर्जन घाट, दशक्रिया विधी घाट,फुटपाथ, मियावाकी गार्डन, बैठने के लिए व्यवस्था, अम्फी थिएटर, वाहन पार्किंग व्यवस्था, प्रसाधनगृह, लाईट व सीसीटीव्ही आदि का व्यवस्था किया गया है।

इसके साथ ही दशक्रिया विधी घाट पर बना शेड छोटा है।यह बड़ा करने के लिए स्थानीय नागरिकों की मांग है।विधायक सरनाईक ने शेड व पीने के पानी की व्यवस्था के लिए कहा आयुक्त राव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से दूसरे चरण का उद्घाटन किया जायेगा।शहर वासियों के घूमने के लिए अच्छी व्यवस्था है। राज्य व मुंबई महानगर में सबसे बड़ी चौपाटी होगी। नागला बंदर में आरमारा के जैसा वॉटरफ्रंट डेव्हलपमेंट के तीसरे चरण का भी भूमिपूजन मुख्यमंत्री शिंदे के हाथों की जाने की जानकारी आयुक्त राव ने दिया। इस दौरे के दौरान अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी,अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा, उपायुक्त दिनेश तायडे,उपायुक्त मनोहर बोडके, सहायक नगररचना संचालक संग्राम कानडे, उपनगर अभियंता विकास ढोले, शुभांगी केसवानी, सुधीर गायकवाड, कार्यकारी अभियंता मोहन कलाल, संजय कदम, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान आदि अधिकारी उपस्थित थे।

नागला बंदर में सर्वधर्मीय स्मशानभूमी के लिए जगह, कासार वडवली में सभी समाज के लिए भवन निर्माण के लिए निरीक्षण विधायक सरनाईक व आयुक्त राव ने किया।

# संत सेना महाराज जयंती पर समाज बंधुओं का मेला संपन्न



**भिवंडी.** नाभिक समाज उन्नती मंडल भिवंडी की तरफ से संत सेना महाराज जयंती मौके पर नाभिक समाज बंधुओं का मेला कोंबडपाडा पार्वती मंगल कार्यालय में विविध कार्यक्रम का आयोजन कर उत्साह से मनाया गया. उक्त अवसर पर बधाई देने की खातिर शिवसेना शिंदे गट भिवंडी शहर जिला प्रमुख सुभाष माने, पूर्व महापौर विलास आर पाटील,पूर्व नगरसेवक प्रशांत लाड, मयुरेश पाटील, वंश प्रदिप राका सहित भारी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे.नाभिक समाज मेला कार्यक्रम अवसर पर सत्यनारायण महापूजा,भक्ती गीत आदि धार्मिक कार्यक्रम के उपरांत जेष्ठ नागरिक, मेधावी विद्यार्थी का गौरव किया गया. समाज के गरीब, जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक साहित्य का वितरण किया गया. कार्यक्रम मौके पर समाज बंधुओं और गणमान्य नागरिकों की खातिर महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी.

# SST कालेज का शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

- **अनिरुद्ध पोटावाल ने जीता स्वर्ण पदक**





उल्हासनगर. मुंबई विश्वविद्यालय खेल विभाग द्वारा ठाणे विभागीय अंतर-महाविद्यालयीन लड़के और लड़कियों की शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 26 अगस्त के दौरान ए ई कालसेकर महाविद्यालय, मुंब्रा में किया गया। इस प्रतियोगिता में ठाणे विभाग के 40 महाविद्यालयों के कुल 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

एस एस टी महाविद्यालय के लड़कों और लड़कियों ने इस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विशेष रूप से, लड़कों के समूह में अनिरुद्ध पोटावाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता और अपने उत्कृष्ट शतरंज कौशल का प्रदर्शन किया। मुंबई विश्वविद्यालय अंतर-विभागीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए ठाणे विभाग की ओर से अनिरुद्ध पोटावाल और माधुरी सागवेकर का चयन किया गया है।

इस प्रतियोगिता में एस एस टी महाविद्यालय की ओर से लड़कों के समूह में अनिरुद्ध पोटावाल, रोहित धनधनिया, अलोक गोयल, आदित्य भोईर, अरमान खान, शुभम चव्हाण और लड़कियों के समूह में माधुरी सागवेकर, प्रीती मुकणे, निशा माली, आकांक्षा साळुंखे, नाजुका जाधव और दीक्षा भोईर ने भाग लिया।

इन छात्रों को खेल शिक्षक प्रा. राहूल अकुल, प्रा. पुष्कर पवार और शतरंज प्रशिक्षक मयूर मोरे और अमित भोजने का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इन छात्रों की इस सफलता पर मुंबई युनिव्हर्सिटी के नवनियुक्त क्रीडा संचालक डॉ.मनोज रेड्डी महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, IQAC समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी और सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और छात्रों ने बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

### वराल देवी तालाब में मिला शव

**भिवंडी.** वराल देवी तालाब में 55 वर्षीय वेंकट स्वामी नामक व्यक्ति का पानी पर तैरता शव पाया गया है.मृतक की पहचान जेब में मिले हुए आधार कार्ड से हुई है.शहर पुलिस ने तैराकों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला. पुलिस ने शव को आईजीएम अस्पताल में रखा है. पुलिस ने शव शिनाख्त की अपील लोगों से की है.




### सहायक आयुक्त के काम में बाधा डालना पड़ा भारी

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रभाग क्रमांक 3 सहायक आयुक्त जगदीश जाधव ने एक शिकायत कर्ता पर बारंबार अवैध निर्माण तोड़ने की शिकायत तथा दबाव बनाने की खातिर कार्यालय में वीडियो बना कर सरकारी काम में बाधा डालने की शिकायत शहर पुलिस स्टेशन में की है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 3 अंतर्गत धामणकर नाका स्थित एम.डी. ढाबा के अवैध निर्माण तोड़ने के लिए शिकायत कर्ता अविनाश दमोदर जाधव ने क्षेत्रीय प्रभाग कार्यालय में शिकायत की थी. सहायक आयुक्त जगदीश जाधव ने शिकायत पर एक्शन लिया बावजूद शिकायत कर्ता समूचा निर्माण को तोड़ने की जिद पर अड़ा था. शहर विभाग कर्मचारियों द्वारा समझाने की कोशिश का भी कोई असर नहीं हुआ.सहायक आयुक्त जाधव का आरोप है कि,शिकायत कर्ता करतार जाधव मोबाइल फोन निकाल कर वीडियो बनाता था और कार्यालयीन कार्य में बाधा उत्पन्न करता था.प्रतिदिन कार्यालय में आकर बदनाम करने की धमकी देता था. आयुक्त अजय वैद्य के आदेश पर सहायक आयुक्त जाधव ने शिकायत कर्ता पर सरकारी कार्य में बाधा डालने एवम धमकी देने का मामला दर्ज कराया है.मामले की जांच पुलिस उप निरीक्षक ढोले कर रहे हैं.




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099